भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3457

उत्तर देने की तारीख-10/08/2026

प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत खाद्यान्नों का आवंटन

3457. डॉ. राजकुमार सांगवान:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को खाद्यान्न का समय पर आवंटन सुनिश्चित किया है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत बागपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश में लाभान्वित छात्रों और वितरित खाद्यान्न का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार द्वारा उक्त क्षेत्रों में खाद्यान्न के समय पर आवंटन और उठाव को सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष निगरानी प्रणाली लागू की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार ने इस योजना के अंतर्गत खाद्यान्न की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और प्राप्त शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए कोई प्रभावी तंत्र स्थापित किया है; और
(च) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (च): शिक्षा भारत के संविधान की समवर्ती सूची का हिस्सा है और अधिकांश सरकारी स्कूल और स्कूल बोर्ड राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासन के अधीन हैं। पीएम पोषण योजना राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन के साथ साझेदारी में कार्यान्वित की जाती है। बाल वाटिका (कक्षा 1 से ठीक पहले) और सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के कक्षा I से VIII तक पढ़ने वाले सभी बच्चों को गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की समग्र जिम्मेदारी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की है।

केंद्र सरकार खाद्यान्न की लागत, परिवहन लागत और प्रबंधन निगरानी और मूल्यांकन (एमएमई) की लागत के लिए 100% सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत यथा अधिदेशित, खाद्यान्नों की व्यवस्था भारतीय खाद्य निगम द्वारा की जाती है। कार्यक्रम अनुमोदन बोर्ड (पीएबी)-पीएम पोषण द्वारा अनुमोदित खाद्यान्नों का आवंटन राज्य नोडल विभाग और भारतीय खाद्य निगम को किया जाता है। खाद्यान्नों का आबंटन खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की सहमति से स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्रति वर्ष दो बार किया जाता है। पीएम पोषण योजना के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान खाद्यान्न का राज्यवार आवंटन **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत वितरित किए गए बच्चों की जिला-वार संख्या और खाद्यान्नों की मात्रा **अनुलग्नक-II** में दी गई है।

यह भारतीय खाद्य निगम की जिम्मेदारी है कि वह अपने डिपो (और पूर्वोत्तर क्षेत्र के मामले में प्रधान वितरण केन्द्रों में) में पर्याप्त खाद्यान्नों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी महीने/तिमाही के लिए एक महीने पहले तक खाद्यान्न उठाने की अनुमति है ताकि खाद्यान्न की आपूर्ति श्रृंखला निर्बाध बनी रहे। भारतीय खाद्य निगम सर्वोत्तम उपलब्ध गुणवत्ता के खाद्यान्न जारी करता है, जो किसी भी स्थिति में कम से कम उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) का होता है। भारतीय खाद्य निगम ने इस योजना के अंतर्गत खाद्यान्नों की आपूर्ति में आने वाली विभिन्न समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रत्येक राज्य के लिए एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है। जिला पंचायत के जिला कलेक्टर/मुख्य कार्यकारी अधिकारी यह भी सुनिश्चित करते हैं कि भारतीय खाद्य निगम और कलेक्टर और/अथवा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला पंचायत के नामिती वाले दल द्वारा संयुक्त निरीक्षण करने और उनके द्वारा इस बात की पुष्टि करने के बाद कि अनाज कम से कम एफएक्यू मानकों के अनुरूप है, कम से कम एफएक्यू के खाद्यान्न जारी किए जाते हैं। भारतीय खाद्य निगम अपने द्वारा आपूर्ति किए गए ऐसे खाद्यान्नों के नमूने भविष्य में सत्यापन और विश्लेषण के लिए रखता है जो आपूर्ति किए गए खाद्यान्नों की गुणवत्ता के संबंध में किसी शिकायत के मामले में उपलब्ध होते हैं।

इस योजना में विस्तृत निगरानी तंत्र अर्थात माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में अधिकार प्राप्त समिति, सचिव (स्कूल शिक्षा और साक्षरता) की अध्यक्षता में कार्यक्रम अनुमोदन बोर्ड (पीएबी), जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संचालन-सह-निगरानी समिति मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य संचालन-सह-निगरानी समिति का भी प्रावधान है। पीएम पोषण दिशानिर्देश में तिमाही आधार पर योजना की निगरानी के लिए जिले के वरिष्ठतम सांसद (एमपी) की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समिति का प्रावधान हैं।

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने लोक शिकायत निवारण के लिए समपत तंत्र विकसित किया है, जिसे व्यापक रूप से प्रचारित किया गया है और इसे आसानी से सुलभ बनाया गया है (जैसे

टोल फ्री कॉल सुविधा आदि)। इस योजना के तहत निर्धारित पोषण मानकों को आम जनता के लिए दिखाई देने वाले प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाता है। इसके अलावा, निम्नलिखित जानकारी साप्ताहिक/मासिक आधार पर भी प्रदर्शित की जाती है:

- साप्ताहिक मेनू और इसकी सामग्री
- प्राप्त और उपयोग किए गए खाद्यान्न की मात्रा
- खरीदी, उपयोग की गई अन्य सामग्री
- भोजन उपलब्ध बच्चों की संख्या
- कार्यक्रम में शामिल समुदाय के सदस्यों का रोस्टर

*****

अनुलग्नक-I

प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत खाद्यान्नों का आवंटन के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. राजकुमार सांगवान द्वारा पूछे गए दिनांक 10.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3457 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों के दौरान पीएम पोषण योजना के तहत खाद्यान्न का आवंटन

(मीट्रिक टन में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2023-24	2024-25	2025-26
1	आंध्र प्रदेश	72526.28	66450.35	61547.62
2	अरुणाचल प्रदेश	4313.07	3948.95	3383.82
3	असम	101161.22	103343.73	89238.00
4	बिहार	311304.40	324227.06	301148.29
5	छत्तीसगढ	74330.71	73138.41	70323.81
6	गोवा	4516.74	4522.84	4506.48
7	गुजरात	122671.84	121480.45	117839.94
8	हरियाणा	43521.93	41408.86	43469.26
9	हिमाचल प्रदेश	15176.42	14059.43	13144.64
10	जम्मू एवं कश्मीर	21406.15	22476.70	21924.79
11	झारखंड	90563.74	84970.08	81904.97
12	कर्नाटक	127408.27	132716.20	115707.65
13	केरल	71598.86	67147.28	65534.07
14	मध्य प्रदेश	135102.86	125971.57	130864.22
15	महाराष्ट्र	262489.28	260330.25	249637.79
16	मणिपुर	4255.24	4809.25	4490.18
17	मेघालय	14612.49	14661.30	16054.52
18	मिजोरम	3479.36	3310.63	3085.60
19	नागालैंड	3357.82	3119.31	2817.87
20	ओडिशा	125180.86	120222.88	128285.65
21	पंजाब	52090.31	46045.78	44699.80
22	राजस्थान	171793.46	139190.39	132888.46
23	सिक्किम	1185.87	1120.69	1097.77
24	तमिलनाडु	100267.70	95341.63	90476.98
25	तेलंगाना	45078.67	35476.39	33642.19
26	त्रिपुरा	9406.44	8198.79	7735.86
27	उत्तराखंड	18243.31	16515.73	14576.18
28	उत्तर प्रदेश	346423.21	309093.88	297399.06
29	पश्चिम बंगाल	292433.20	246130.60	229596.92
30	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	645.77	658.79	612.75
31	चंडीगढ़	1984.52	1866.35	1794.28
32	डी एंड एनएच और डी एंड डी	1564.76	1697.18	1733.42
33	दिल्ली	29467.61	35677.20	32034.68
34	लद्दाख	427.10	422.54	417.72
35	लक्षद्वीप	206.28	227.84	219.19
36	पुदुचेरी	1379.54	1287.10	1172.82
कुल		2681575.28	2531266.40	2415007.25

अनुलग्नक-II

प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत खाद्यान्नों का आवंटन के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. राजकुमार सांगवान द्वारा पूछे गए दिनांक 10/08/2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3457 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

उत्तर प्रदेश राज्य में बच्चों की संख्या और वितरित खाद्यान्न

क्र.सं.	ज़िला	2023-24		2024-25		2025-26	
		बच्चे	वितरित खाद्यान्न (मीट्रिक टन में)	बच्चे	वितरित खाद्यान्न (मीट्रिक टन में)	बच्चे	वितरित खाद्यान्न (मीट्रिक टन में)
1	आगरा	164064	4146.483	138659	4437.142	129055	3774.789
2	अलीगढ	175304	5992.031	157676	5824.038	173527	5261.925
3	प्रयागराज	293950	5134.881	278207	5959.374	270213	7132.633
4	अम्बेडकर नगर	130934	5174.854	129222	3821.456	123188	3438.660
5	औरैया	75747	3125.183	70142	2979.247	72573	2909.179
6	आजमगढ़	242223	7863.130	232379	6090.423	229572	6063.137
7	बदायूं	203700	3919.485	206880	3543.264	196005	5727.184
8	बागपत	53136	1902.451	55708	1743.501	60795	2001.217
9	बहराइच	296075	7143.958	300718	7024.513	305547	7491.588
10	बलिया	184185	4660.671	168796	4566.922	172720	4284.194
11	बलरामपुर	152789	6643.349	148992	5258.014	145915	4410.277
12	बाँदा	127911	4688.342	132166	4767.416	134965	5282.944
13	बाराबंकी	202084	7224.644	204551	5498.408	211976	6968.314
14	बरेली	211175	5630.352	211137	5524.716	216094	6222.365
15	बस्ती	136909	3987.209	125126	3176.347	123083	3080.115
16	भदोही	112642	5850.106	107523	4005.628	110149	2972.840
17	बिजनौर	167561	5304.156	130702	5174.612	141055	4912.031
18	बुलन्दशहर	155703	5013.570	164500	4808.680	161587	4308.066
19	चंदौली	133393	5947.690	126011	5547.542	122037	4800.654
20	चित्रकूट	90160	2915.516	91598	2561.713	86078	2230.121
21	अमेठी	107231	4163.689	102186	3646.845	101713	3083.967
22	देवरिया	166715	4755.386	168042	4584.588	160851	4352.555
23	एटा	91153	3273.936	84103	3048.909	81803	2485.472
24	अयोध्या	130058	4856.971	118189	4237.539	114764	4407.222
25	फर्रुखाबाद	114135	4051.282	114868	4018.982	108765	3956.809
26	फ़तेहपुर	177673	4404.097	172619	4252.626	164158	4652.905
27	फिरोजाबाद	101244	2992.626	103702	2727.596	100797	2868.580
28	जी.बी. नगर	52836	1322.557	55247	1806.841	56950	1602.018
29	गाजीपुर	186696	4603.992	180257	4785.354	174547	4659.288
30	गाजियाबाद	60285	847.770	62536	1429.777	63356	1753.798
31	गोंडा	219312	5805.402	208869	5652.268	203963	4911.009
32	गोरखपुर	200586	5141.009	189448	6805.077	193964	5415.281
33	हमीरपुर	73664	2402.431	73690	2019.233	70680	1967.904
34	हरदोई	278540	7509.348	278554	7106.736	265771	7053.725
35	हाथरस	77588	2265.566	84423	2249.511	79105	2222.831

36	इटावा	81892	2384.775	71911	2403.641	76520	2147.699
37	अमरोहा	85810	2686.549	77763	2599.117	82300	3008.379
38	जालौन	82725	2732.485	83036	2440.926	76252	2166.532
39	जौनपुर	257292	7725.558	253439	7373.832	244334	6041.180
40	झांसी	89250	2519.972	92307	2410.317	91221	2691.793
41	कन्नौज	114788	2774.727	109411	3384.734	105441	3142.994
42	कानपुर देहात	89417	4416.505	98975	4017.486	99136	4775.846
43	कानपुर नगर	102895	3636.196	106714	2952.012	104190	3393.392
44	कासगंज	90033	2645.055	87643	2683.619	91167	2411.256
45	कौशांबी	140347	3989.897	127962	3187.027	119233	3442.964
46	कुशीनगर	200639	6596.364	187366	5404.414	187326	4751.757
47	लखीमपुर खीरी	352730	10001.737	333184	8584.782	323882	8890.248
48	ललितपुर	103310	5271.977	111750	4266.834	100036	2979.330
49	लखनऊ	141055	3602.933	126586	2753.714	118231	2907.802
50	महोबा	69786	2194.178	64031	2077.179	64158	1795.831
51	महराजगंज	157213	4044.844	152424	4268.116	144199	3919.800
52	मैनपुरी	97100	2959.866	85698	1736.167	93999	3283.544
53	मथुरा	99658	1896.932	93804	2144.452	93960	2142.798
54	मऊ	106413	3138.500	94494	3253.578	112228	3172.804
55	मेरठ	91253	2884.968	92343	2966.006	91304	2604.869
56	मिर्जापुर	191009	7084.152	198083	6460.550	182982	6538.302
57	मुरादाबाद	107294	3304.055	108537	3324.384	107533	2964.090
58	मुजफ्फरनगर	90745	2746.878	96548	2910.895	101112	2913.632
59	पीलीभीत	121000	4334.532	113386	3809.741	118568	3737.709
60	प्रतापगढ़	168640	4431.803	150933	4269.306	154383	4370.273
61	रायबरेली	176630	4405.009	143234	4279.890	132862	3832.035
62	रामपुर	116556	2910.793	105313	2715.018	102975	3000.654
63	सहारनपुर	144469	4882.328	142357	4961.350	141505	4507.337
64	संतकबीरनगर	94252	3438.350	88642	2749.301	90153	2478.910
65	शाहजहांपुर	223419	6423.535	228651	5359.738	211598	5602.741
66	श्रावस्ती	98829	4720.236	106455	4507.628	110561	3620.299
67	सिद्धार्थनगर	199536	4341.072	176747	4734.320	184523	4995.780
68	सीतापुर	355996	9248.635	357128	8956.109	337066	9861.088
69	सोनभद्र	159105	4102.828	167402	4466.803	166354	4494.224
70	सुल्तानपुर	157441	4005.858	144176	3943.905	146659	3975.930
71	उन्नाव	156274	4770.400	146518	4236.437	150497	4026.563
72	वाराणसी	183105	6840.579	153739	4930.235	171919	5358.992
73	संभल	108152	2603.795	115510	2932.319	124964	3276.408
74	हापुड	45649	1733.710	44034	1772.332	42848	1422.173
75	शामली	57137	1986.829	54921	1872.534	54890	1700.407

*****